


# महिला डॉक्टर हैं नहीं सुरक्षित प्रसव के दावे

## स्त्रीरोग विशेषज्ञों के 117 पद खाली, 55 तैनात

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। प्रदेश सरकार व स्वास्थ्य विभाग मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव के दावे कर रहा है, पर हकीकत है कि प्रदेश में महिला चिकित्सकों के 117 पद खाली हैं।

वर्तमान में मात्र 55 डॉक्टर ही कार्यरत हैं। पर्वतीय क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महिला डॉक्टरों की स्थिति और भी चिंताजनक है। स्वास्थ्य विभाग में महिला चिकित्सकों के 172 पद स्वीकृत हैं। इसके सापेक्ष 117 पद खाली है। प्रदेश में सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में महिला डॉक्टरों की कमी से प्रसव हाई रिस्क मामलों में गर्भवती को रेफर करना पड़ता है। जिसमें कई बार गर्भवती की जान जोखिम में होती है। स्वास्थ्य मंत्रालय की अवस्थापना व मानक संसाधन पर हेल्थ डायनामिक रिपोर्ट में इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड (आईपीएचएस) मानकों के अनुसार विशेषज्ञों की कमी सामने लाया गया। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में 49 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है।

इसमें मानकों के तहत 49 महिला डॉक्टर तैनात होने चाहिए, लेकिन चार सीएचसी में महिला डॉक्टर कार्यरत है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का कहना है कि महिला स्वास्थ्य को लेकर सरकार गंभीर है। एमबीबीएस डॉक्टरों की राज्य में पर्याप्त संख्या है, लेकिन विशेषज्ञों की कमी है। इसे दूसरे के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। संविदा पर नियुक्ति की जा रही है।

## नई टिहरी में तीन दिन होते हैं अल्ट्रासाउंड, अन्य दिन बाहर

नई टिहरी। जिला अस्पताल बौराड़ी में अल्ट्रासाउंड जांच सोम, मंगल व बुधवार तीन दिन ही हो पा रही है। अन्य तीन दिन उन्हें जांच के लिए नरेंद्रनगर, ऋषिकेश और देहरादून के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों और गर्भवती महिलाओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जिला अस्पताल में नियमित रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त करने की मांग की है। बौराड़ी अस्पताल में एक साल से भी अधिक समय से रेडियोलॉजिस्ट नहीं है, जिससे नरेंद्रनगर संयुक्त चिकित्सालय के रेडियोलॉजिस्ट ही दो अस्पतालों में हैं। संवाद

## लक्ष्मी नारायण धाम का समागम कल, तैयारियां जोरों पर



सहारनपुर (वि)। शहर के अंबाला रोड के सरोवर पोर्टिको में 11 अक्तूबर 2024 को सायं 4 बजे से होने वाले समागम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। समागम की तैयारियां अंतिम चरण में है। समागम स्थल तक सभी रास्तों पर तोरण द्वार और होर्डिंग लगाए गए हैं। भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम के समागम आयोजकों ने बताया कि भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं। समागम में अभिनेता, राजनीतिक हस्तियां, प्रशासनिक अधिकारीगण तथा सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। समागम आयोजक सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी मां दुर्गा की कृपा के साथ-साथ विशेष कृपा भी समागम में प्रदान करेंगे।

## पीआरएल अहमदाबाद और आईआईटी रुड़की के बीच समझौता



नई दिल्ली (वि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की और भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) अहमदाबाद ने अनुसंधान, शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आईआईटी रुड़की इंजीनियरिंग के विभिन्न विषयों में शिक्षा, अनुसंधान और क्षमता निर्माण में योगदान देती है। पीआरएल भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग की एक इकाई है, जो भौतिकी, अंतरिक्ष भौतिकी, सौर भौतिकी, वायुमंडलीय विज्ञान, भूविज्ञान, खगोल विज्ञान, ग्रह विज्ञान और अंतरिक्ष अन्वेषण के चुनिंदा क्षेत्रों में मौलिक अनुसंधान करती है। यह समझौता दोनों संस्थानों के शोध अध्येताओं और छात्रों को शोध चर्चाओं, सहयोगों, वैज्ञानिक संगोष्ठियों के लिए एक-दूसरे के सहयोग के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## इक्फाई ग्रुप के निदेशक सुधाकर को 'मार्केटिंग मावेरिक्स' सम्मान



नई दिल्ली (वि)। आईसीएफएआई (इक्फाई) समूह के ब्रांडिंग और संचार निदेशक सुधाकर राव को डन एंड ब्रैडस्ट्रीट द्वारा 'मार्केटिंग मावेरिक्स-2024' के रूप में सम्मानित किया है। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट में मार्केटिंग, सीएसआर और लर्निंग सॉल्यूशंस के निदेशक विपुल ओबेरॉय ने श्री राव की प्रशंसा की और बधाई दी। श्री ओबेरॉय ने कहा कि श्री राव ने अभिनव मार्केटिंग अभियान, अभूतपूर्व रणनीतियां और उत्कृष्टता के प्रति अटूट समर्पण से उद्योग पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। मुंबई के ताज सांताक्रूज में आयोजित समारोह में श्री राव को यह पुरस्कार से नवाजा गया। श्री राव ने इस प्रतिष्ठित मान्यता पर खुशी और कृतज्ञता व्यक्त की।

बड़ी खबर के कई पहलू, एक साथ amarujala.com पर

## कार्यालय उपजिलाधिकारी, कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला-2024

Phone- 01363244209, E-mail ID-gauchermela@gmail.com website:gauchermela.in

पत्रांकः 25/72-वां गौचर मेला/2024-25 | दिनांक 09/10/2024

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 14 नवम्बर, 2024 से 20 नवम्बर, 2024 तक राज्य स्तरीय 72-वाँ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला, 2024 आयोजित किया जाना है। जिसके सफल संचालन हेतु निम्न तालिका के अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क0सं0 | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि व समय | निविदा प्रपत्र डालने की तिथि व समय | निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि व समय | निविदा धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | झूला, चर्खी, मौत का कुआँ एवं बच्चों के मनोरंजन आइटम लगाये जाने हेतु। | रू0 1500.00 | दि0 10.10.2024 के पूर्वाहन 11:00 बजे से दिनांक 24.10.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक। | दि0 24.10.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे से दि0 24.10.2024 को अपराहन 01:00 बजे तक। | दि0 24.10.2024 को अपराहन 3:00 बजे। | रू0 30,000.00 (तीस हजार रूपये मात्र) |

उक्त तिथियों में मेला मैदान में कार्यक्रम स्थल पर झूला, चर्खी, मौत का कुआँ एवं बच्चों के मनोरंजक आइटम अधिष्ठापित एवं संचालित करने हेतु तकनीकी एवं वित्तीय निविदा को दो अलग-अलग मोहर बन्द लिफाफों में (प्रत्येक पर वित्तीय एवं तकनीकी निविदा स्वच्छ अक्षरों में स्पष्ट लिखकर) एक बड़े मोहर बन्द लिफाफे में निर्धारित आवेदन पत्र पर प्रत्येक स्तम्भ को भरकर धरोहर धनराशि की एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.ड़ी.आर. या ड़िमाण्ड ड्राफ्ट (डी.ड़ी.) अथवा ड़ाकघर पासबुक जो कि उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी, गौचर मेला-2024 के पक्ष में बंधक रखते हुये मूल रूप में लगाना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.10.2024 से दिनांक 24.10.2024 पूर्वाहन 11:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 24.10.2024 को अपराहन 01:00 बजे तक इसी कार्यालय में स्थापित निविदा बॉक्स में डाले जा सकते हैं। निविदा उसी दिन दिनांक 24.10.2024 को अपराहन 03:00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। गौचर मेला-2024 हेतु मूल कीमत (Base Price) रू0 12,50,000.00 (बारह लाख पचास हजार रूपये मात्र) से कम नहीं होगी। उच्चतम धनराशि वाले निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकार की जायेगी। मेला समिति को बिना कारण बताए निविदा को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। उक्त कार्य के समस्त विवरण एवं शर्ते निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही निविदा की शर्तो व अन्य जानकारी गौचर मेला-2024 की अधिकारिक बेब साइट website- gauchermela.in से प्राप्त की जा सकती है।

उपजिलाधिकारी, कर्णप्रयाग/
मेलाधिकारी गौचर मेला

## कार्यालय उपजिलाधिकारी, कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला-2024

Phone- 8273244209, E-mail ID-gauchermela@gmail.com, website:gauchermela.in

पत्रांकः 27/72-वां गौचर मेला/2024-25 | दिनांक 09/10/2024

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 14 नवम्बर, 2024 से 20 नवम्बर, 2024 तक राज्य स्तरीय 72 वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला-2024 आयोजित किया जाना है। जिसके सफल संचालन हेतु निम्नलिखित तालिका के अनुसार मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि व समय | निविदा प्रपत्र डालने की तिथि व समय | निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि व समय | निविदा धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 72वें गौचर मेले की कैन्टीन संचालन। | रू0 1500.00 | दिनांक 10.10.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 24.10.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक | दिनांक 24.10.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न बजे तक 01:00 | दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न 3:00 बजे | रू0 25,000.00 (पच्चीस हजार रूपये) |

मेला मैदान में तिथियों में कार्यक्रम स्थल में मेला कैन्टीन संचालित हेतु तकनीकी एवं वित्तीय निविदा को दो अलग-अलग मोहर बन्द लिफाफों में (प्रत्येक पर वित्तीय एवं तकनीकी निविदा स्वच्छ अक्षरों में स्पष्ट लिखकर) एक बड़े मोहर बन्द लिफाफे में निर्धारित आवेदन पत्र पर प्रत्येक स्तम्भ को भरकर धरोहर धनराशि की एन.एस.सी./ राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी. आर. या डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) अथवा डाकघर पासबुक जो उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग / मेलाधिकारी, गौचर मेला 2024 के पक्ष में बंधक रखते हुये मूल रूप में लगाना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.10.2024 से दिनांक 24.10.2024 पूर्वाहन 11:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक इसी कार्यालय में स्थापित निविदा बॉक्स में डाले जा सकते हैं। निविदा उसी दिन दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। मेला समिति को बिना कारण बताए निविदा को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। उक्त कार्य के समस्त विवरण एवं शर्तें निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही निविदा की शर्तों व अन्य जानकारी गौचर मेला-2024 की अधिकारिक बेब साइट website-gauchermela.in से प्राप्त की जा सकती है।

उपजिलाधिकारी कर्णप्रयाग
मेलाधिकारी, गौचर मेला